आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. नई दिल्ली में इक्कीस निर्जन द्वीपों की पवित्र माटी के साथ ऐतिहासिक परमवीर सागर यात्रा का समापन हुआ। अंडमान निकोबार द्वीप समूह के एन सी सी कैडेट्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शौर्य और बलिदान का प्रतीक अर्पित किया।

2. न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने समावेशी विकास पर बल दिया।

3. पच्चीस लाख से अधिक मृतकों के आधार निष्क्रिय किए गए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा डिजीटल सुरक्षा सुनिश्ति के लिए यह कदम उठाया गया।

4. डिगलीपुर से दक्षिण अंडमान तक के किसानों के लिए केला सम्वर्धन पर तमिलनाडु के त्रिची में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में परमवीर सागर यात्रा का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अंडमान निकोबार के NCC कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर 21 निर्जन द्वीपों से एकत्रित मिट्टी से भरा पवित्र माटी कलश, जिन्हें परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर नामांकित किया गया था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट किया गया। यह समारोह राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण पहल के सफल समापन का प्रतीक था, जो देश के बहादुर सैनिकों के सर्वोच्च साहस और बलिदान को सम्मानित करता है। परमवीर सागर यात्रा एक अनूठी नौकायन पहल है, जिसमें अंडमान निकोबार के NCC कैडेट्स भारतीय नौसेना के जहाज पर 21 निर्जन द्वीपों का भ्रमण करते हैं और देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह यात्रा 6 जनवरी अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी श्री विजया पुरम के ऐतिहासिक फ्लैग पॉइंट से बीस NCC कैडेट्स की मुख्य टीम द्वारा अंडमान निकोबार कमांड के कमांडर–इन–चीफ एवं वाइस एडमिरल अजय कोचर की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर शुरू हुई थी। सफल यात्रा पूरी करने के बाद कैडेट्स ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री रैली में भाग लिया और अंडमान निकोबार द्वीप समूह का नाम रोशन करके वापस आए। कप्तान रियाज फारूक ने प्रशासन और हितधारकों की सराहना की।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग के 64वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय विकसित भारत–2047 के लक्ष्यों का केंद्रबिंदु है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने अधिकार आधारित, समावेशी और जन–केंद्रित विकास के दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने सत्र में 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा और पच करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा सहित प्रमुख सामाजिक सुरक्षा पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

<><><><><><>

हैदराबाद स्थित इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया ने आज "ChatGPT और AI टूल्स" पर Continuing Professional Development Programme का शुभारंभ किया, जो 6 फरवरी तक चलेगा। इसमें देश भर के केंद्रीय सरकारी संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों, रक्षा प्रतिष्ठानों और अन्य सरकारी संगठनों के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मचारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ अधिकारियों को ChatGPT और अन्य AI उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग, निर्णय–निर्माण, उत्पादकता, शासन, अनुसंधान और संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित करना है।

<><><><><><>

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा MY भारत पहल के अंतर्गत MY भारत बजट क्वेस्ट 2026 – "युवाओं के विकसित भारत बजट पर बात, प्रधानमंत्री जी के साथ" नामक एक राष्ट्रीय स्तर का युवा सहभागिता कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में केंद्रीय बजट 2026 के प्रति जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। इच्छुक युवाओं को MY भारत पोर्टल mybharat.gov.in पर पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 फरवरी है। क्विज़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राज्य/केंद्रशासित प्रदेश स्तर की निबंध प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। चयनित विजेताओं को केंद्रीय बजट 2026 पर प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल संवाद का अवसर प्राप्त होगा। छात्रों एवं युवाओं से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। पंजीकरण हेतु क्यूआर कोड स्कैन करें।

<><><><><><>

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार डेटाबेस की सटीकता और अखंडता बनाए रखने के लिए अब तक 25 लाख से अधिक मृत व्यक्तियों के आधार नंबर निष्क्रिय कर दिए हैं। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह

जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधार विश्व की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली है। इसमें लगभग 134 करोड़ सक्रिय आधार धारक हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर, आधार नंबर के अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए उसका आधार नंबर निष्क्रिय करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहचान धोखाधड़ी के जोखिम को कम करने और देश में डेटा लीक को रोकने के लिए कई उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने एक नया आधार ऐप लॉन्च किया है, जो आधार नंबर धारकों को ऑफ़लाइन सत्यापन चाहने वाली संस्थाओं के साथ सत्यापित दस्तावेज़ सुरक्षित और सुगम तरीके से साझा करने की सुविधा प्रदान करता है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जापूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामन्जस्य स्थापित करने और आत्मविस्वास बढाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने बताया कि इस वर्ष परीक्षार्थियों के साथ देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और उनके अधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग, दिल्ली में महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए।

<><><><><><>

उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी, कृषि निदेशालय द्वारा दक्षिण अंडमान, रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर क्षेत्रों के किसानों को प्राथमिकता देते हुए केला आधारित मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में पिछले दिनों महत्वपूर्ण पहल की गई। इन क्षेत्रों से चयनित 19 किसान, स्वयं सहायता समूह तथा कृषि विभाग के दो अधिकारियों ने तमिलनाडु के त्रिची स्थित आई सी ए आर – राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र में "केले का कटाई प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन" विषय पर छह दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने केला उत्पादन, कटाई प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण, खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग व ब्रांडिंग पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। समापन के अवसर पर केला किसानों को उन्नत किस्मों के पौधे वितरित किए गए। यह प्रशिक्षण अंडमान निकोबार द्वीप समूह में किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान क्षेत्र में आयोजित इंटर प्राइमरी स्कूल फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट के दूसरे दिन के मुकाबले आज राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में खेले गए। उप शिक्षा अधिकारी,

दक्षिण अंडमान के कार्यालय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। लड़कों की श्रेणी में जी एस एस जंगलीघाट ने जी एस एस साउथ प्वाइंट को 1–0 से तथा जी एम एस एस एस एबरडीन ने जी पी एस नयागांव को 5–0 से पराजित किया। वहीं लड़कियों की श्रेणी में जी एस एस एस गराचरमा, जीपीएस जी डी एम एस (प्राथमिक), जी एस एस एस भातूबस्ती, जी एस एस एस प्रोथ्रापुर और जी एम एस मरियम्मा टेंपल ने अपने–अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।

<><><><><><><>